# पाठ–4
# वाक्य–विचार

**उचित विकल्प पर ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

1. वाक्य में जिसके विषय में कुछ बात कही जाती है, उसे कहते हैं—
   (i) विधेय ☐ (ii) उपवाक्य ☐ (iii) उद्देश्य ☐
2. जिन वाक्यों में नकारात्मकता का बोध होता है, उन्हें कहते हैं—
   (i) निषेधवाचक ☐ (ii) इच्छावाचक ☐ (iii) प्रश्नवाचक ☐
3. 'सूर्योदय हुआ और पक्षी चहचहाने लगे' वाक्य है—
   (i) मिश्रित वाक्य ☐ (ii) संयुक्त वाक्य ☐ (iii) सरल वाक्य ☐

**रिक्त स्थान भरिए–**

1. वाक्य विचार भाषा की ________ इकाई है।
2. जिस व्यक्ति के विषय में कुछ कहा जाता है, वह ________ कहलाता है।
3. वाक्य में उद्देश्य के विषय में जो कुछ कहा जाए, वह ________ है।
4. संरचना के आधार पर वाक्य के भेद ________ हैं।
5. अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद ________ हैं।

**दिए गए कथनों में सही के लिए ( ✓ ) तथा गलत के लिए ( ✗ ) का चिह्न लगाइए–**

1. प्रधान उपवाक्य वह होता है जिसकी क्रिया मुख्य होती है। ☐
2. वाक्य के दो अंग है। ☐
3. 'ईशा बहुत शैतान है' वाक्य में 'ईशा' विधेय है। ☐
4. पदक्रम वे हैं, जिसमें वाक्य में प्रयुक्त विभिन्न पदों को एक क्रम में रखा जाता है। ☐

**निम्नलिखित वाक्यों में उद्देश्य और विधेय अलग करो–**

| वाक्य | उद्देश्य | विधेय |
|---|---|---|
| 1. मेरा भाई लखनऊ से आएगा। | ________ | ________ |
| 2. सोनू चिड़ियाघर देखने गया। | ________ | ________ |
| 3. दिल्ली भारत की राजधानी है। | ________ | ________ |
| 4. बालक पाठ पढ़ते हैं। | ________ | ________ |
| 5. विद्वान आदर के योग्य होते हैं। | ________ | ________ |

**अर्थ के आधार पर वाक्यों के भेद के सही विकल्प का चयन करो–**

1. अंकित वहाँ जाओ। *(विस्मयवाचक/आज्ञावाचक)*
2. क्या तुमने अपना कार्य कर लिया? *(आज्ञावाचक/प्रश्नवाचक)*
3. अहा! कितना सुंदर दृश्य है। *(आज्ञावाचक/संकेतवाचक)*
4. अगर आप दवा खाते तो ठीक हो जाते। *(संकेतवाचक/निषेधवाचक)*
5. मैं आज नहीं पढ़ूँगा। *(इच्छावाचक/संकेतवाचक)*

✿ **निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशनुसार बदलो—**

1. परिश्रम करने से परिणाम अच्छा मिलता है। *(मिश्रित वाक्य)* ________
2. पात्र में दूध भरा है। *(निषेधवाचक)* ________
3. धन आने पर अभिमान आ जाता है। *(विस्मयवाचक)* ________
4. मीना खाना खाकर पढ़ने लगी। *(संयुक्त वाक्य)* ________
5. जब भी मैं वहाँ गया, मेरा सत्कार हुआ। *(सरल वाक्य)* ________

LIVEWORKSHEETS